ा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के संबंध में
कथनों पर विचार कीजिए :
F का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005
ा 58(1)(a) के अंतर्गत किया गया है।
रकार सामान्य श्रेणी के राज्यों के लिए इस कोष
% और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 80%
देती है।
ीय रूप से अधिसूचित सूची में शामिल न होने
ानीय प्राकृतिक आपदाओं के लिए इस कोष
तक उपयोग कर सकते हैं।
न-सा/से कथन सही है/हैं ?

III

ार II

ौर III

से कोई नहीं

following statements regarding the
r Response Fund (SDRF) :
SDRF is constituted under
58(1)(a) of the Disaster
ement Act, 2005.
entral Government contributes 70%
fund for general category states and
r special category states.
can use up to 10% of the fund for
natural disasters not included in the
l notified list.
e above statements is/are correct ?

d III

I only

III only

ly

of the above



2. "न्याय सेतु" एआई चैटबॉट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह एक वॉइस-फर्स्ट (voice-first), मल्टीमॉडल और बहुभाषी एआई-संचालित कानूनी सहायक है।

II. इसे न्याय विभाग के दिशा (DISHA) कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था।

III. यह वास्तविक-समय में बहुभाषी अनुवाद को सक्षम करने के लिए अनुवादिनी प्रणाली का उपयोग करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल I और II

(B) केवल I और III

(C) केवल II और III

(D) I, II और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

With reference to the "Nyaya Setu" AI Chatbot, consider the following statements :

I. It is a voice-first, multimodal, and multilingual AI-powered legal assistant.

II. It was launched under the DISHA programme of the Department of Justice.

III. It utilizes the Anuvaadini system to enable real-time multilingual translation.

Which of the above statements are correct ?

(A) I and II only

(B) I and III only

(C) II and III only

(D) I, II and III

(E) None of the above

3. निम्नलिखित में से कौन-सा नोडल विभाग भारत सरकार की नागरिक अधिकार-पत्र (Citizen's Charter) पहल के कार्यान्वयन और संवर्धन के लिए उत्तरदायी है ?

(A) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT)

(B) लोक उद्यम विभाग (DPE)

(C) प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG)

(D) पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (DoPPW)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the nodal department responsible for the implementation and promotion of the Citizen's Charter initiative in the Government of India ?

(A) Department of Personnel and Training (DoPT)

(B) Department of Public Enterprises (DPE)

(C) Department of Administrative Reforms and Public Grievances (DARPG)

(D) Department of Pension and Pensioners' Welfare (DoPPW)

(E) None of the above

4. रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने के लिए भारत द्वारा कौन-सी स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली विकसित की गई है ?

(A) रक्षक

(B) त्रि-नेत्र

(C) ट्रेनटेल

(D) कवच

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which indigenous Automatic Train Protection (ATP) system has been developed by India to enhance railway safety ?

(A) Rakshak

(B) Tri-Netra

(C) Traintel

(D) Kavach

(E) None of the above

5. 1965 में भारत का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) कहाँ स्थापित किया गया था ?

(A) मोरमुगाओ (B) मुंद्रा

(C) कोचीन (D) काँडला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where was India's first Export Processing Zone (EPZ) established in 1965 ?

(A) Mormugao (B) Mundra

(C) Cochin (D) Kandla

(E) None of the above

6. रॉकी पर्वत के पवनविमुख (leeward) ढालों पर चलने वाली गर्म और शुष्क स्थानीय फॉन (Foehn) पवन कौन-सी है ?

(A) हारमैट्टन (B) सिरोको

(C) चिनूक (D) मिस्ट्रल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which warm and dry local Foehn wind blows on the leeward side of the Rocky Mountains ?

(A) Harmattan (B) Sirocco

(C) Chinook (D) Mistral

(E) None of the above

7. औषध-प्रतिरोधी (drug-resistant) श्वसन-मार्ग संक्रमणों के उपचार के लिए किस नए भारतीय एंटिबायोटिक (antibiotic) का विकास किया गया है ?

(A) फैविपिराविर

(B) नैफिथ्रोमाइसिन

(C) रेमडेसिविर

(D) एज़िथ्रोमाइसिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which new Indian antibiotic has been developed to treat drug-resistant respiratory tract infections ?

(A) Favipiravir

(B) Nafithromycin

(C) Remdesivir

(D) Azithromycin

(E) None of the above

8. निम्नलिखित में से ब्रिटिश संवैधानिक प्रावधानों और उन्हें लागू करने वाले अधिनियमों का कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) द्वैध शासन की शुरुआत — भारत सरकार अधिनियम, 1858

(B) पृथक निर्वाचक मंडल — भारत सरकार अधिनियम, 1935

(C) प्रांतीय स्वायत्तता — भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

(D) द्विसदनीय विधायिका — भारत सरकार अधिनियम, 1919

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs of British constitutional provisions and the Acts that introduced them is correctly matched ?

(A) Introduction of Dyarchy — Government of India Act, 1858

(B) Separate Electorates — Government of India Act, 1935

(C) Provincial Autonomy — Indian Councils Act, 1909

(D) Bicameral Legislature — Government of India Act, 1919

(E) None of the above

9. पहला आंग्ल-मराठा युद्ध 1782 में निम्नलिखित में से किस संधि के साथ समाप्त हुआ ?

(A) सालबाई की संधि

(B) बसीन की संधि

(C) श्रीरंगपट्टनम की संधि

(D) पुरंदर की संधि

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The First Anglo-Maratha War ended in 1782 with which of the following treaties ?

(A) Treaty of Salbai

(B) Treaty of Bassein

(C) Treaty of Seringapatnam

(D) Treaty of Purandar

(E) None of the above

10. तंजावुर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर का निर्माण किस चोल शासक के शासनकाल में हुआ था ?

(A) राजेंद्र चोल प्रथम (B) करिकाल चोल

(C) राजराज चोल प्रथम (D) कुलोत्तुंग चोल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Brihadisvara Temple at Thanjavur was built during the reign of which Chola ruler ?

(A) Rajendra Chola I (B) Karikala Chola

(C) Rajaraja Chola I (D) Kulottunga Chola

(E) None of the above

11. माजुली द्वीप किस भारतीय राज्य में स्थित है ?

(A) बिहार

(B) पश्चिम बंगाल

(C) मेघालय

(D) ओडिशा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which Indian state is Majuli Island located ?

(A) Bihar

(B) West Bengal

(C) Meghalaya

(D) Odisha

(E) None of the above

12. किस पूर्व भारतीय राजनयिक को 2026 में संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर समिति (CESCR) के लिए फिर से चुना गया ?

(A) प्रीति सरन

(B) स्नेहा दुबे

(C) ईनाम गंभीर

(D) रुचिरा कंबोज

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which former Indian diplomat was re-elected to the United Nations Committee on Economic, Social and Cultural Rights (CESCR) in 2026 ?

(A) Preeti Saran

(B) Sneha Dubey

(C) Eenam Gambhir

(D) Ruchira Kamboj

(E) None of the above



13. आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015 – 2030 के लिए सेंदाई फ्रेमवर्क के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह छह वैश्विक लक्ष्यों और कार्रवाई के लिए तीन प्राथमिकताओं को निर्धारित करता है।

II. यह पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण के दौरान "बिल्ड बैक बेटर" (बेहतर पुनर्निर्माण) को बढ़ावा देता है।

III. इसे आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में अपनाया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) केवल I और II

(D) केवल II और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

With reference to the Sendai Framework for Disaster Risk Reduction 2015 – 2030, consider the following statements :

I. It sets six global targets and three priorities for action.

II. It promotes "Build Back Better" during recovery and reconstruction.

III. It was adopted at the Third UN World Conference on Disaster Risk Reduction.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I only

(B) II only

(C) I and II only

(D) II and III only

(E) None of the above

14. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत सरकार की पूँजीगत प्राप्ति *नहीं* है ?

(A) ऋण वसूली

(B) बाज़ार उधारी

(C) लाभांश आय

(D) विनिवेश प्राप्तियाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is ***not*** a capital receipt of the Government of India ?

(A) Recovery of Loans

(B) Market Borrowings

(C) Dividend Income

(D) Disinvestment Receipts

(E) None of the above

15. काला-अज़ार (विसेरल लीशमैनियासिस), जो भारत में उन्मूलन के लिए लक्षित एक परजीवी रोग है, *लीशमैनिया डोनोवानी (Leishmania donovani)* के कारण होता है और __________ के काटने से मनुष्यों में फैलता है।

(A) *क्यूलेक्स (Culex)* मच्छर

(B) *ऐनोफ़ेलीज़ (Anopheles)* मच्छर

(C) त्से-त्से मक्खी (Tsetse fly)

(D) सैंडफ़्लाई (Sandfly)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Kala-azar (Visceral Leishmaniasis), a parasitic disease targeted for elimination in India, is caused by *Leishmania donovani* and transmitted to humans by the bite of :

(A) *Culex* mosquito

(B) *Anopheles* mosquito

(C) Tsetse fly

(D) Sandfly .

(E) None of the above

16. "ईकोटोन" शब्द का क्या तात्पर्य है ?

(A) दो आसन्न पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच का संक्रमणकालीन क्षेत्र

(B) एक ऐसा क्षेत्र जहाँ एक पारिस्थितिकी तंत्र पड़ोसी आवासों में फैलता है

(C) एक एकल पारिस्थितिक समुदाय द्वारा वर्चस्व वाला क्षेत्र

(D) एक ऐसा क्षेत्र जहाँ पारिस्थितिक स्थितियाँ अपेक्षाकृत स्थिर रहती हैं

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does the term "ecotone" refer to ?

(A) A transitional zone between two adjacent ecosystems

(B) A region where one ecosystem extends into neighbouring habitats

(C) An area dominated by a single ecological community

(D) A zone where ecological conditions remain relatively stable

(E) None of the above

17. केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के वर्गीकरण के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) को कौन-सी 'रत्न' श्रेणी प्रदान की गई है ?

(A) नवरत्न

(B) मिनीरत्न-II

(C) मिनीरत्न-I

(D) महारत्न

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which 'Ratna' status has been granted to Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) by the Government of India under the classification of Central Public Sector Enterprises ?

(A) Navratna

(B) Miniratna-II

(C) Miniratna-I

(D) Maharatna

(E) None of the above

18. संसद में किस समापन प्रस्ताव (closure motion) के तहत केवल महत्त्वपूर्ण खंडों पर ही बहस की अनुमति दी जाती है ?

(A) गिलोटिन समापन (Guillotine Closure)

(B) खंडों द्वारा समापन (Closure by Compartments)

(C) कंगारू समापन (Kangaroo Closure)

(D) साधारण समापन (Simple Closure)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which closure motion allows only important clauses to be debated in Parliament ?

(A) Guillotine Closure

(B) Closure by Compartments

(C) Kangaroo Closure

(D) Simple Closure

(E) None of the above

19. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करता है।

II. इसका गठन 2006 में किया गया था।

III. यह आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय योजना तैयार करने के लिए उत्तरदायी है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) I, II और III (B) केवल I और II

(C) केवल I और III (D) केवल II और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding the National Disaster Response Force (NDRF) :

I. It functions under the administrative control of the Ministry of Home Affairs.

II. It was constituted in 2006.

III. It is responsible for preparing the National Plan for Disaster Management.

Which of the above statements are correct ?

(A) I, II and III (B) I and II only

(C) I and III only (D) II and III only

(E) None of the above



20. पेसा (PESA) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत, अनुसूचित क्षेत्रों में लघु वनोपज का स्वामित्व किस प्राधिकारी में निहित है ?

(A) ज़िला कलेक्टर और स्थानीय प्रशासनिक निकाय

(B) संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ

(C) राज्य वन विभाग और ट्राइफेड

(D) ग्राम सभा और पंचायत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under the PESA Act, 1996, which authority is vested with the ownership of minor forest produce in Scheduled Areas ?

(A) District Collector and Local administrative bodies

(B) Joint Forest Management Committees

(C) State Forest Department and TRIFED

(D) Gram Sabha and Panchayat

(E) None of the above

21. पीएम-आशा (PM-AASHA) योजना के अंतर्गत, दलहनों, तिलहनों और खोपरा की भौतिक खरीद के लिए कौन-सी योजना उत्तरदायी है ?

(A) निजी अधिप्राप्ति एवं स्टॉकिस्ट योजना (PPSS)

(B) बाज़ार हस्तक्षेप योजना (MIS)

(C) मूल्य समर्थन योजना (PSS)

(D) मूल्य न्यूनता भुगतान योजना (PDPS)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which scheme under the PM-AASHA framework is responsible for the physical procurement of pulses, oilseeds and copra ?

(A) Private Procurement and Stockist Scheme (PPSS)

(B) Market Intervention Scheme (MIS)

(C) Price Support Scheme (PSS)

(D) Price Deficiency Payment Scheme (PDPS)

(E) None of the above

22. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सतत विकास लक्ष्य (SDG) संख्या का उसके संबंधित लक्ष्य के साथ सही मिलान है ?

(A) सतत विकास लक्ष्य 4 – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

(B) सतत विकास लक्ष्य 5 – जलवायु कार्रवाई

(C) सतत विकास लक्ष्य 8 – स्वच्छ जल और स्वच्छता

(D) सतत विकास लक्ष्य 2 – लैंगिक समानता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following options correctly matches the Sustainable Development Goal (SDG) number with its corresponding goal ?

(A) SDG 4 – Quality Education

(B) SDG 5 – Climate Action

(C) SDG 8 – Clean Water and Sanitation

(D) SDG 2 – Gender Equality

(E) None of the above

23. भारतीय वायु सेना में शामिल पहले स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH) का नाम क्या है ?

(A) ध्रुव

(B) चीता

(C) रुद्र

(D) तेजस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the name of the first indigenously developed Light Combat Helicopter (LCH) inducted into the Indian Air Force ?

(A) Dhruv

(B) Cheetah

(C) Rudra

(D) Tejas

(E) None of the above

24. इसरो (ISRO) ने 2025 में श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से अमेरिका के किस AST स्पेसमोबाइल संचार उपग्रह को प्रक्षेपित किया ?

(A) ब्लूबर्ड ब्लॉक-2

(B) स्टारलिंक V2

(C) ब्लूवॉकर 3

(D) वनवेब जेन-2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which US-based AST SpaceMobile communication satellite did ISRO launch from Sriharikota (Andhra Pradesh) in 2025 ?

(A) BlueBird Block-2

(B) Starlink V2

(C) BlueWalker 3

(D) OneWeb Gen-2

(E) None of the above

25. ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत, ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत तब दर्ज की जा सकती है जब ध्वनि स्तर निर्धारित परिवेशी ध्वनि मानक से :

(A) 8 dB(A) या अधिक हो

(B) 5 dB(A) या अधिक हो

(C) 9 dB(A) या अधिक हो

(D) 10 dB(A) या अधिक हो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under the Noise Pollution (Regulation and Control) Rules, 2000, a complaint regarding noise pollution can be made when the noise level exceeds the prescribed ambient noise standard by :

(A) 8 dB(A) or more

(B) 5 dB(A) or more

(C) 9 dB(A) or more

(D) 10 dB(A) or more

(E) None of the above

26. भारत में आपदा-निगरानी की मुख्य भूमिका के साथ कौन-सा संयोजन सही सुमेलित है ?

(A) IMD — चक्रवात; CWC — बाढ़; INCOIS — सुनामी

(B) CWC — चक्रवात; IMD — भूस्खलन; INCOIS — भूकंप

(C) INCOIS — बाढ़; CWC — सुनामी; IMD — भूकंप

(D) IMD — सुनामी; CWC — भूकंप; INCOIS — सूखा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which combination is correctly matched with its principal disaster-monitoring role in India ?

(A) IMD — Cyclones; CWC — Floods; INCOIS — Tsunamis

(B) CWC — Cyclones; IMD — Landslides; INCOIS — Earthquakes

(C) INCOIS — Floods; CWC — Tsunamis; IMD — Earthquakes

(D) IMD — Tsunamis; CWC — Earthquakes; INCOIS — Droughts

(E) None of the above

27. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POPs) के उन्मूलन या न्यूनीकरण से संबंधित है ?

(A) स्टॉकहोम सम्मेलन

(B) मिनामाता सम्मेलन

(C) क्योटो सम्मेलन

(D) बासेल सम्मेलन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following international conventions deals with the elimination or reduction of Persistent Organic Pollutants (POPs) ?

(A) Stockholm Convention

(B) Minamata Convention

(C) Kyoto Convention

(D) Basel Convention

(E) None of the above



28. प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. CAF अधिनियम, 2016 और CAF नियम, 2018, 30 सितंबर, 2018 को लागू हुए।

II. राष्ट्रीय CAMPA के पास राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय दोनों प्राधिकरणों के लिए एकल शासी निकाय है।

III. CAMPA कोष का उपयोग वनीकरण उद्देश्यों के लिए भूमि की खरीद के लिए किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल I और II

(C) केवल III

(D) केवल II और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding the Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) :

I. The CAF Act, 2016 and the CAF Rules, 2018 came into effect on 30 September, 2018.

II. National CAMPA has a single governing body for both National- and State-level authorities.

III. CAMPA funds can be used for the purchase of land for afforestation purposes.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I only

(B) I and II only

(C) III only

(D) II and III only

(E) None of the above

29. जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) के अंतर्गत, "भुला दिए जाने का अधिकार" (right to be forgotten) किसी व्यक्ति को क्या करने की अनुमति देता है ?

(A) ऑनलाइन सामग्री के स्वामित्व का दावा करना

(B) सभी ऑनलाइन डेटा संग्रह को रोकना

(C) प्रकाशनाधिकार-संरक्षित सामग्री का स्वतंत्र रूप से उपयोग करना

(D) कुछ व्यक्तिगत डेटा को मिटाने का अनुरोध करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under the General Data Protection Regulation (GDPR), the "right to be forgotten" allows an individual to :

(A) Claim ownership of online content

(B) Prevent all online data collection

(C) Use copyrighted material freely

(D) Request erasure of certain personal data

(E) None of the above

30. विनियामक अनुमोदन, अनुज्ञप्ति और एनबीएफसी (NBFC) प्रमाणपत्रों के समर्पण को संसाधित करने के लिए आरबीआई (RBI) द्वारा कौन-सा पोर्टल लॉन्च किया गया था ?

(A) ई-कुबेर

(B) दक्ष (DAKSH)

(C) प्रवाह (PRAVAAH)

(D) उद्गम (UDGAM)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which portal was launched by the RBI to process regulatory approvals, licenses, and the surrender of NBFC certificates ?

(A) e-Kuber

(B) DAKSH

(C) PRAVAAH

(D) UDGAM

(E) None of the above

31. किसी निचली अदालत, न्यायाधिकरण या प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के लिए कौन-सी रिट जारी की जाती है ?

(A) बंदी प्रत्यक्षीकरण (B) अधिकार-पृच्छा

(C) उत्प्रेषण (D) परमादेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which writ is issued to quash an order passed by a lower court, tribunal or authority ?

(A) Habeas Corpus (B) Quo Warranto

(C) Certiorari (D) Mandamus

(E) None of the above

32. वह अनुपात जो कार्यशील-आयु जनसंख्या पर ग़ैर-कार्यशील जनसंख्या के भार को दर्शाता है, कहलाता है :

(A) श्रम शक्ति अनुपात

(B) पराश्रितता अनुपात

(C) श्रमिक-जनसंख्या अनुपात

(D) रोज़गार-जनसंख्या अनुपात

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The ratio that indicates the burden of the non-working population on the working-age population is called :

(A) Labour Force Ratio

(B) Dependency Ratio

(C) Worker Population Ratio

(D) Employment-to-Population Ratio

(E) None of the above

33. 2026 में विंबलडन पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?

(A) नोवाक जोकोविच (B) कार्लोस अल्काराज

(C) अलेक्जेंडर ज़्वेरेव (D) जैनिक सिनर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who won the Wimbledon men's singles title in 2026 ?

(A) Novak Djokovic (B) Carlos Alcaraz

(C) Alexander Zverev (D) Jannik Sinner

(E) None of the above

34. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (मिसाइल) | | सूची II (प्रकार) |
|---|---|---|---|
| a. | आकाश | i. | दृश्य सीमा से परे वायु-से-वायु में मार करने वाली मिसाइल |
| b. | ब्रह्मोस | ii. | टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल |
| c. | अस्त्र | iii. | सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल |
| d. | हेलिना | iv. | सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल |

कूट :

(A) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | List I (Missile) | | List II (Type) |
|---|---|---|---|
| a. | Akash | i. | Beyond Visual Range Air-to-Air Missile |
| b. | BrahMos | ii. | Anti-Tank Guided Missile |
| c. | Astra | iii. | Supersonic Cruise Missile |
| d. | Helina | iv. | Surface-to-Air Missile |

Code :

(A) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(E) None of the above



35. जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी परित्यक्त वस्तुओं को लाल श्रेणी के अंतर्गत संदूषित पुनर्चक्रण-योग्य अपशिष्ट के रूप में वर्गीकृत किया गया है ?

I. अंत:शिरा ट्यूब और सेट

II. कैथेटर

III. यूरीन बैग

IV. बिना सुई वाली सिरिंज

V. प्रयुक्त सिरिंज की सुइयाँ

VI. संदूषित काँच की शीशियाँ (वायल)

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल I, III, IV और VI

(B) केवल I, II, IV और V

(C) केवल I, II, III और IV

(D) केवल II, III, V और VI

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

With reference to the Bio-Medical Waste Management Rules, 2016, which of the following discarded items are classified as contaminated recyclable waste under the Red category ?

I. Intravenous tubes and sets

II. Catheters

III. Urine bags

IV. Syringes without needles

V. Needles from used syringes

VI. Contaminated glass vials

Select the correct answer using the code given below :

(A) I, III, IV and VI only

(B) I, II, IV and V only

(C) I, II, III and IV only

(D) II, III, V and VI only

(E) None of the above

36. वर्ष 2026 में, भारत-इंडोनेशिया संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री को किस इंडोनेशियाई राज्य सम्मान से सम्मानित किया गया था ?

(A) बिंतांग जासा उत्तमा

(B) बिंतांग धर्म

(C) बिंतांग आदिपूर्णा

(D) बिंतांग महापुतेरा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 2026, which Indonesian state honour was conferred on the Prime Minister of India for strengthening India-Indonesia relations ?

(A) Bintang Jasa Utama

(B) Bintang Dharma

(C) Bintang Adipurna

(D) Bintang Mahaputera

(E) None of the above

37. कौन-सी तकनीक रेडियोलेबल किए गए DNA संपरीक्षित्र (प्रोब) का उपयोग करके एक विशिष्ट DNA अनुक्रम की पहचान करती है ?

(A) वेस्टर्न ब्लॉटिंग

(B) सदर्न ब्लॉटिंग

(C) ईस्टर्न ब्लॉटिंग

(D) नॉर्दर्न ब्लॉटिंग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which technique identifies a specific DNA sequence using a radiolabelled DNA probe ?

(A) Western Blotting

(B) Southern Blotting

(C) Eastern Blotting

(D) Northern Blotting

(E) None of the above

38. 1995 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र (NCDM) की स्थापना निम्नलिखित में से किस संगठन के अंतर्गत की गई थी ?

(A) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR)
(B) भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA)
(C) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (NIDM)
(D) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under which of the following organizations was the National Centre for Disaster Management (NCDM) established in 1995 ?

(A) Indian Council of Social Science Research (ICSSR)
(B) Indian Institute of Public Administration (IIPA)
(C) National Institute of Disaster Management (NIDM)
(D) National Disaster Management Authority (NDMA)
(E) None of the above

39. किस प्रभाव के कारण नैनोकणों का गलन ताप उनके आकार के घटने के साथ घट जाता है ?

(A) कैसिमीर प्रभाव
(B) गिब्स-थॉमसन प्रभाव
(C) सीबेक प्रभाव
(D) हॉल-पेच प्रभाव
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which effect causes the melting temperature of nanoparticles to decrease as their size decreases ?

(A) Casimir effect
(B) Gibbs-Thomson effect
(C) Seebeck effect
(D) Hall-Petch effect
(E) None of the above

40. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम पारंपरिक कोयला संचालित पावर स्टेशन में ऊर्जा रूपांतरण को सही ढंग से दर्शाता है ?

(A) ऊष्मीय ⟶ रासायनिक ⟶ विद्युत ⟶ यांत्रिक
(B) रासायनिक ⟶ ऊष्मीय ⟶ यांत्रिक ⟶ विद्युत
(C) यांत्रिक ⟶ रासायनिक ⟶ ऊष्मीय ⟶ विद्युत
(D) रासायनिक ⟶ विद्युत ⟶ ऊष्मीय ⟶ यांत्रिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following sequence correctly represents energy conversion in a conventional coal-fired power station ?

(A) Thermal → Chemical → Electrical → Mechanical
(B) Chemical → Thermal → Mechanical → Electrical
(C) Mechanical → Chemical → Thermal → Electrical
(D) Chemical → Electrical → Thermal → Mechanical
(E) None of the above

41. निम्नलिखित में से कौन-सा रोगजनक कुक्कुटों में रानीखेत रोग (जिसे न्यूकैसल रोग भी कहा जाता है) के लिए उत्तरदायी है ?

(A) हर्पीज़वायरस
(B) एविपॉक्सवायरस
(C) पैरामिक्सोवायरस
(D) ऑर्थोमिक्सोवायरस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following causative agents is responsible for Ranikhet disease (also known as Newcastle disease) in poultry ?

(A) Herpesvirus
(B) Avipoxvirus
(C) Paramyxovirus
(D) Orthomyxovirus
(E) None of the above



42. सैन फ्रांसिस्को में हिंदुस्तान गदर पार्टी के मुख्यालय को किस नाम से जाना जाता था ?

(A) अभिनव भारत (B) स्वराज भवन
(C) युगांतर आश्रम (D) इंडिया हाउस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what name was the headquarters of the Hindustan Ghadar Party in San Francisco known ?

(A) Abhinav Bharat (B) Swaraj Bhavan
(C) Yugantar Ashram (D) India House
(E) None of the above

43. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (स्थल) | | सूची II (क्षेत्र) | |
|---|---|---|---|
| a. | लखनजो-दारो | i. | सिंध |
| b. | निंदोवारी | ii. | बलूचिस्तान |
| c. | धालेवान | iii. | पंजाब |
| d. | कालीबंगन | iv. | राजस्थान |

कूट :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(C) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Site) | | List II (Region) | |
|---|---|---|---|
| a. | Lakhanjo-Daro | i. | Sindh |
| b. | Nindowari | ii. | Balochistan |
| c. | Dhalewan | iii. | Punjab |
| d. | Kalibangan | iv. | Rajasthan |

Code :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(C) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(E) None of the above

44. 1892 में ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए पहले भारतीय कौन थे ?

(A) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
(B) दादाभाई नौरोजी
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) बाल गंगाधर तिलक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first Indian elected to the British House of Commons in 1892 ?

(A) Surendranath Banerjee
(B) Dadabhai Naoroji
(C) Gopal Krishna Gokhale
(D) Bal Gangadhar Tilak
(E) None of the above

45. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप को किस विशिष्ट बिन्दु पर स्थापित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह पृथ्वी की समान गति से सूर्य की परिक्रमा करें ?

(A) सूर्य-पृथ्वी L2
(B) पृथ्वी-चंद्रमा L1
(C) पृथ्वी-चंद्रमा L2
(D) सूर्य-पृथ्वी L1
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At which specific point is the James Webb Space Telescope positioned to ensure it moves around the Sun at the same rate as the Earth ?

(A) Sun–Earth L2
(B) Earth–Moon L1
(C) Earth–Moon L2
(D) Sun–Earth L1
(E) None of the above

निर्देश (प्रश्न संख्या 46 – 50) : निम्नलिखित तालिका एक विशेष सत्र के दौरान पांच संस्थानों द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या और प्रति उम्मीदवार लिए गए प्रशिक्षण शुल्क को दर्शाती है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**Directions (Question no. 46 – 50) :** The following table shows the number of candidates trained by five institutes and the training fee charged per candidate during a particular session. Study the table carefully and answer the questions that follow.

| संस्थान / Institute | प्रशिक्षित उम्मीदवार / Candidates Trained | प्रति उम्मीदवार शुल्क (₹) / Fee per Candidate (₹) |
|---|---|---|
| A | 240 | 18,000 |
| B | 300 | 16,000 |
| C | 180 | 24,000 |
| D | 360 | 15,000 |
| E | 220 | 20,000 |

46. यदि संस्थान B अपने प्रति उम्मीदवार शुल्क में 25% की वृद्धि करता है, जबकि उम्मीदवारों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो सभी पाँचों संस्थानों द्वारा एकत्रित कुल नया शुल्क कितना होगा ?

(A) ₹ 2,44,40,000
(B) ₹ 2,42,40,000
(C) ₹ 2,40,40,000
(D) ₹ 2,46,40,000
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Institute B increases its fee per candidate by 25%, while the number of candidates remains unchanged, what will be the new total fee collected by all five institutes ?

(A) ₹ 2,44,40,000
(B) ₹ 2,42,40,000
(C) ₹ 2,40,40,000
(D) ₹ 2,46,40,000
(E) None of the above

47. संस्थान D द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या में 20% की कमी की जाती है, जबकि प्रति उम्मीदवार शुल्क में 25% की वृद्धि की जाती है। इन परिवर्तनों के बाद संस्थान D द्वारा एकत्रित किया गया शुल्क कितना होगा ?

(A) ₹ 52,20,000
(B) ₹ 56,25,000
(C) ₹ 54,00,000
(D) ₹ 57,60,000
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Institute D reduces the number of candidates trained by 20%, while increasing the fee per candidate by 25%. What will be the fee collected by Institute D after the changes ?

(A) ₹ 52,20,000
(B) ₹ 56,25,000
(C) ₹ 54,00,000
(D) ₹ 57,60,000
(E) None of the above

48. 250 या उससे कम उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों का प्रति उम्मीदवार भारित औसत प्रशिक्षण शुल्क, 250 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों के शुल्क से कितना अधिक है ?

(A) ₹ 4,920·45
(B) ₹ 5,020·45
(C) ₹ 5,120·45
(D) ₹ 4,820·45
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

